तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 2 सितंबर 2026

10 बढ़े बिजली दाम और स्मार्ट मीटर के खिलाफ ...

10 कलेक्टर से मिला सर्व आदिवासी समाज ...

खबर संक्षेप

कांग्रेस आज निकालेगी पदयात्रा

अंतागढ़। स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिल और रावघाट परियोजना से जुड़े स्थानीय मुद्दों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंतागढ़ 2 सितंबर को पदयात्रा निकालेगी। पदयात्रा मद्रासीपारा मंडी प्रांगण से शुरू होकर एसडीएम कार्यालय एवं बिजली कार्यालय पहुंचेगी। कांग्रेस ने रावघाट प्रभावित किसानों को नौकरी, स्थानीय बेरोजगारों को प्रशिक्षण व रोजगार, कोयलीबेड़ा क्षेत्र को माइंस प्रभावित घोषित करने और अस्पताल व डीएव्ही स्कूल शुरू करने की मांग उठाई है। साथ ही स्मार्ट मीटर वापस लेने की मांग की जाएगी।

सर्पदंश से बच्ची की मौत, मर्ग कायम

कांकेर। बड़गांव थानांतर्गत धोरिया निवासी 14 वर्षीय दिव्या पिता शत्रुघन जैन को साप ने काट लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतिका 31 अगस्त को घर में थी, तभी अचानक साप ने काट लिया। जहर शरीर में फैल जाने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

जानकी बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

कांकेर। सीमित जमीन को कमजोरी नहीं, बल्कि अवसर मानकर ग्राम कान्हारपुरी की 57 वर्षीय महिला कृषक जानकी बाई नायक ने कृषि यंत्रीकरण के जरिए सफलता की नई कहानी लिखी है। उन्होंने करीब 40 लाख की लागत से फार्म मशीनरी बैंक स्थापित कर आसपास के किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र किराये पर उपलब्ध कराए। बैंक से अब तक 145 किसान लाभान्वित हो चुके हैं। यंत्र किराये से करीब 20 लाख आय हुई, जिसमें 9.25 लाख शुद्ध लाभ रहा।

सिवनी स्कूल में न्योता भोज

दुर्गूकोंदल। जन्मदिन की खुशी जब बच्चों के साथ साझा हुई तो प्राथमिक शाला आमापारा सिवनी में माहौल खुशनुमा हो गया। सहायक शिक्षक सविता सलामे ने अपने पिता महेश राम कुंजाम के जन्मदिन पर न्योता भोजन का आयोजन किया। बच्चों को खीर, पूरी, चावल और सब्जी सहित स्वादिष्ट भोजन कराया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक राम सुरोजिया, शिक्षक संगीता उयका, चैती बाई मंडावी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

कांकेर में 11 को संभाग स्तरीय रोजगार मेला

कांकेर। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 11 सितंबर को लाइवलीवुड कॉलेज कांकेर में संभाग स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक होने वाले मेले में निजी क्षेत्र की कंपनियां 1023 रिक्त पदों पर भर्ती करेंगी। इनमें सिक्युरिटी गार्ड, फील्ड ऑफिसर, फायरमैन, फूड पैकिंग, वाहन चालक, होम केयर, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव और नर्सिंग स्टाफ के पद शामिल हैं। इच्छुक युवा मेले में शामिल होने के साथ ई-रोजगार पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयनित आवेदकों का साक्षात्कार नियोक्ता द्वारा लिया जाएगा।

रावघाट माइंस के हाइवा से सड़क पर बढ़ा दबाव, ग्रामीणों ने आंदोलन की दी चेतावनी

अंतागढ़-नारायणपुर मुख्य मार्ग की बदहाली पर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

विकास की रफ्तार के लिए मजबूत सड़कें जरूरी हैं, लेकिन अंतागढ़ से नारायणपुर को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग इन दिनों खुद बदहाली का शिकार है। जर्जर सड़क, बढ़ता यातायात और भारी वाहनों की आवाजाही ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। अब इस समस्या को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रशासन का दरवाजा खटखटाते हुए सड़क के निर्माण और नियमित मरम्मत की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अंतागढ़ के माध्यम से आवेदन सौंपकर जल्द कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार रावघाट माइंस से हाइवा वाहनों की नियमित आवाजाही के कारण सड़क पर भारी वाहनों का दबाव बढ़ गया है। इससे सड़क की स्थिति और अधिक खराब हो रही है। भारी वाहनों के लगातार आवागमन के चलते आम लोगों के लिए आवागमन में असुविधा के साथ दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। इसलिए इन भारी वाहनों को रोककर सड़क का मरम्मत कार्य पूरी तरह हो जाने के बाद भारी वाहनों का चलने दिया जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अंतागढ़-नारायणपुर मुख्य मार्ग वर्तमान में अत्यंत खराब स्थिति में है। सड़क की नियमित मरम्मत नहीं होने के कारण इसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों और आम नागरिकों को आवागमन में काफी ▶▶|शेष पेज 08 पर

मरम्मत नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

आवेदन में ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि यदि सड़क की नियमित रूप से मरम्मत नहीं की गई तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। अब ग्रामीणों की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर है। लंबे समय से परेशानी झेल रहे ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी मांग को गंभीरता से लेते हुए अंतागढ़-नारायणपुर मार्ग को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए जल्द ठोस कदम उठाएगा।

आमजन को उठानी पड़ रही परेशान

इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूली एवं कॉलेज के विद्यार्थी, आईटीआई के छात्र, कर्मचारी तथा ग्रामीणजन अस्पताल और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आवागमन करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण बस एवं अन्य यात्री वाहन भी नियमित रूप से संचालित नहीं हो पा रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

संकेतक को बोरे से ढकने के बाद नगर में बना जनचर्चा का विषय

लोक निर्माण विभाग ने भारी वाहन रोकने बोर्ड लगाया, कुछ देर बाद बोरे से ढक दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सड़क पर वाहन चालकों को नियमों और प्रतिबंधों की जानकारी देने के लिए लगाए गए संकेतक यदि दिखाई ही न दें, तो ऐसे बोर्ड का उद्देश्य क्या रह जाता है? पखांजूर नगरीय क्षेत्र में अंजली नाला के पास मंगलवार 1 सितंबर को लोक निर्माण विभाग द्वारा भारी वाहन प्रवेश निषेध का संकेतक बोर्ड लगाया गया। इसके बाद बोर्ड को बोरे से पूरी तरह ढक दिया गया। बोर्ड लगाए जाने और फिर उसे ढक दिए जाने की इस स्थिति ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अंजली नाला के पास लगे संकेतक को बोरे से ढके जाने के कारण सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को यह स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है कि संबंधित पुलिया या मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर कोई प्रतिबंध लागू है अथवा नहीं। ऐसे में मामला केवल एक संकेतक के ढके होने तक सीमित नहीं रह जाता, बल्कि सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और विभागीय निगरानी को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

पखांजूर क्षेत्र में भारी और ओवरलोड वाहनों की आवाजाही को लेकर पहले भी शिकायतें और सवाल सामने आते रहे हैं। जून 2026 में क्षेत्र की जर्जर सड़कों पर भारी वाहनों के दबाव तथा सड़क और पुलियों को होने वाले संभावित नुकसान को लेकर मामला चर्चा में रहा था। इसके बाद अगस्त 2026 में पखांजूर-भानुप्रतापपुर मार्ग पर ओवरलोड लौह अयस्क वाहनों की आवाजाही को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। ऐसे माहौल में अंजली नाला पुलिया के पास भारी वाहन निषेध का संकेतक लगाया जाना महत्वपूर्ण माना जा सकता है। लेकिन बोर्ड के बोरे से ढके होने के कारण इसकी उपयोगिता पर ही सवाल खड़ा हो गया है।

उठ रहे हैं कई सवाल

बोर्ड को बोरे से किसने ढका, इसे ढकने के पीछे क्या वजह रही? क्या विभाग के किसी अधिकारी या कर्मचारी के निर्देश पर इसे ढका गया, बोर्ड लगाने में सरकारी राशि खर्च हुई है तो उसकी निगरानी और उपयोगिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किसकी है, यदि भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध वास्तव में लागू है, तो संकेतक को स्पष्ट और दूर से दिखाई देने वाली स्थिति में क्यों नहीं रखा गया?

नगरवासियों में भी चर्चा

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी मार्ग या पुलिया पर भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक है तो विभाग को नियम का प्रभावी पालन कराने के साथ संकेतक को भी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना चाहिए। वहीं यदि किसी कारण से प्रतिबंध लागू नहीं है, तो भारी वाहन निषेध का बोर्ड लगाए जाने का औचित्य भी स्पष्ट किया जाना चाहिए।

अधिकारियों ने साधा मौन

मामले को लेकर लोक निर्माण विभाग का पक्ष जानने के लिए एसडीओ बांगर से मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कॉल नहीं लग सका।

इसके चलते भारी वाहन निषेध संकेतक बोर्ड को बोरे से ढकने के पीछे विभाग की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो सका। अब लोगों की नजर विभागीय अधिकारियों के स्पष्टीकरण पर है कि आखिर संकेतक को ढकने की आवश्यकता क्यों पड़ी और क्या इसके लिए किसी स्तर से निर्देश जारी किए गए थे।

घर के सामने खड़ी बाइक रातोंरात गायब जंगल में छिपाकर रखा था चोरी का वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

थाना दुर्गूकोंदल क्षेत्र में घर के सामने खड़ी बाइक चोरी होने का मामला सामने आया। वाहन मालिक के शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की और एक चोर को धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से वाहन को जब्त की किया।

पुलिस को दिए आवेदन के अनुसार अनुपम तिवारी पिता सेवा प्रसाद तिवारी ने बताया कि उनकी हीरो स्प्लेंडर बाइक क्रमांक सीजी 19 बीयू 5567 है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 45 हजार रुपये हैं। आवेदक के मुताबिक वह 30 अगस्त की रात करीब 8 बजे रोजाना की तरह अपनी बाइक घर के सामने खड़ी कर अंदर चला गया था। अगले दिन सुबह उठकर जब उसने घर के सामने देखा तो बाइक वहां नहीं मिली। आसपास तथा अपने स्तर पर काफी खोजबीन करने के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद अनुपम तिवारी ने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने रात के दौरान मौका पाकर घर के सामने से बाइक चोरी कर ली। उन्होंने थाना दुर्गूकोंदल में आवेदन देकर बाइक चोरी की प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने तथा वाहन बरामद करने की मांग की। पुलिस ने आवेदन की जांच के

बाद धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया।

थाना दुर्गूकोंदल क्षेत्र में घर के सामने से मोटरसाइकिल चोरी के मामले का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में 18 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गई हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी ने मोटरसाइकिल को डायरेक्ट कनेक्शन कर चोरी करने के बाद इरबोडी के जंगल में छिपाकर रखा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर चोरी गई मोटरसाइकिल की तलाश शुरू की। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। इसी दौरान अंतागढ़ थानांतर्गत ग्राम झरबोड़ी निवासी 18 वर्षीय प्रिंस उइके पिता शिवकुमार उइके से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने 30 अगस्त की रात करीब 12 बजे ▶▶|शेष पेज 08 पर

देर रात राहगीर पर भालू का हमला, गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

चारामा क्षेत्र के ग्राम बाड़ाटोला में सोमवार देर रात एक राहगीर पर भालू ने हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और वन विभाग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग उठने लगी है। घायल को इलाज के लिए कांकेर जिला अस्पताल भेजा गया, यहाँ भी प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रायपुर भेजा गया।

- बाड़ाटोला में रात पौने 12 बजे हुई घटना से दहशत

भालुओं की गतिविधियों से ग्रामीणों में भय

चारामा क्षेत्र में लगातार भालुओं की गतिविधियां सामने आने और हमले की घटनाओं के कारण ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय गांवों और मार्गों पर आवागमन करने वाले लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। जंगल से लगे क्षेत्रों में विशेष निगरानी नहीं होने से कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।

जानकारी के अनुसार ग्राम जेपरा निवासी मिथलेश पिता दुलार गंगबेर सोमवार रात बाड़ाटोला क्षेत्र से गुजर रहे थे। इसी दौरान रात करीब पौने 12 बजे अचानक भालू ने उन पर हमला कर दिया। हमले में मिथलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। रात के समय हुई इस घटना से आसपास के ▶▶|शेष पेज 08 पर

लालकालीन सिंह महाविद्यालय में मना राष्ट्रीय खेल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

शासकीय लाल कालीन सिंह महाविद्यालय, अंतागढ़ में हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, मानसिक एकाग्रता और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य रमेश दर्रो की उपस्थिति में मेजर ध्यानचंद के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर में कुर्सी दौड़ एवं शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शतरंज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी मानसिक क्षमता, एकाग्रता और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बना। प्रतियोगिताओं के दौरान महाविद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य रमेश दर्रो ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके जीवन में अनुशासन, एकाग्रता, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में ▶▶|शेष पेज 08 पर

बैंड-बाजे और नारों के साथ गोविंदपुर अर्जुनी में निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हाथों में जागरूकता के संदेश और जुबां पर नशा विरोधी नारों के साथ जब विद्यार्थी सड़कों पर निकले तो पूरा माहौल नशामुक्ति के संदेश से गूंज उठा। पं. विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उमावि गोविंदपुर के एनएसएस के स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने नशामुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालकर आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। गोविंदपुर में रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर ग्राम गोविंदपुर एवं अर्जुनी के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरी और लोगों को नशे के कारण होने वाले स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान के प्रति जागरूक किया। बैंड-बाजे के

नशामुक्त समाज का संदेश लेकर सड़कों पर उतरे विद्यार्थी

साथ निकली रैली में विद्यार्थियों ने नशा छोड़ें, जीवन जोड़ें, स्वस्थ समाज, नशामुक्त समाज जैसे नारों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

रैली के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेट्स ने लोगों से नशे की आदत से दूर रहने की अपील की। विद्यार्थियों ने बताया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति और सामाजिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए जागरूकता को सबसे प्रभावी माध्यम बताया गया। रैली के विद्यालय परिसर में वापस पहुंचने के बाद विद्यार्थियों ▶▶|शेष पेज 08 पर

पार्किंग और साफ-सफाई बेहतर करने के निर्देश

मरीजों के बीच पहुंचे कलेक्टर कुंदन कुमार अस्पताल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले और इलाज के लिए उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो, इसे लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। कलेक्टर कुंदन कुमार ने मंगलवार को मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला चिकित्सालय कांकेर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों और चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लेने के साथ मरीजों से सीधे बातचीत कर उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सा व्यवस्था में सुधार के लिए अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर एवं आपातकालीन कक्ष, इंचार्ज रूम, ड्यूटी डॉक्टर कक्ष, ड्रेसिंग कक्ष, प्लास्टर रूम, ओपीडी पंजीयन, सर्जरी ओपीडी, आर्थो ओपीडी, सीटी स्कैन और फिजियोथेरेपी कक्ष सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर यह भी जाना कि उन्हें इलाज और अस्पताल की सुविधाओं का लाभ समय पर मिल रहा है या नहीं। कलेक्टर ने चिकित्सा स्टाफ की नियमित ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से मध्य रात्रि में अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को तत्काल ▶▶|शेष पेज 08 पर

शिकायत पेटी रखने का फरमान

जिला अस्पताल के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीजों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अस्पताल में शिकायत पेटी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक पंजीयन रजिस्टर के पास कंप्यूटर की व्यवस्था कर मरीजों का डिजिटल पंजीयन शुरू करने कहा। कलेक्टर ने अस्पताल की पार्किंग व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों और परिजनों को आवागमन में परेशानी न हो।

कमरछठ पर्व पर सजा बाजार, खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कमरछठ पर्व को लेकर शहर और आसपास के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। पर्व से एक दिन पहले मंगलवार को सुबह से ही बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ती रही। खासकर महिलाओं ने पूजा के लिए आवश्यक सामग्री, फल, सब्जियों और पारंपरिक सामानों की जमकर खरीदारी की। बाजार में दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रही, जिससे दुकानदारों के चेहरे भी खिले नजर आए। कमरछठ को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पर्व के लिए आवश्यक पूजन सामग्री की दुकानों पर सबसे अधिक भीड़ रही। बाजार में विभिन्न प्रकार ▶▶|शेष पेज 08 पर

- पूजा सामग्री और पारंपरिक व्यंजनों की बढ़ी मांग, महिलाओं ने जमकर की खरीदारी

महिलाओं की तैयारी हुई पूरी

कमरछठ पर्व महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर महिलाएं संतान की सुख-समृद्धि और लंबी आयु की कामना को लेकर व्रत रखती हैं। पर्व को लेकर घरों में भी तैयारियां दो दिनों से शुरू हो गई थी। महिलाओं ने पूजा के लिए जरूरी सामान जुटाने के साथ पारंपरिक पकवानों की तैयारी पूरी कर ली।

वार्षिक प्रतिनिधि सभा में शामिल हुए पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारी

राष्ट्रहित, संगठन विस्तार और सामाजिक कल्याण पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा 29 एवं 30 अगस्त को आयोजित दो दिवसीय वार्षिक प्रतिनिधि सभा बैठक में कोण्डागांव जिला इकाई के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहभागिता की। बैठक का उद्देश्य पूर्व सैनिकों को राष्ट्रहित में संगठित करना, संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना रहा। बैठक में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोण्डागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, फरसगांव ब्लॉक सचिव रिकेश कुमार, सदस्य रतिराम सोरी, श्रीकांत तिवारी एवं ढालेश साहू शामिल हुए। 29 अगस्त को रायपुर के पंडरी स्थित संघ कार्यालय में संगठनात्मक चर्चा एवं ओपन सत्र आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्रीय प्रतिनिधियों, प्रांतीय पदाधिकारियों, विभिन्न जिलों के अध्यक्ष, सचिव एवं पूर्व सैनिक सदस्यों ने संगठन की गतिविधियों पर चर्चा की। 30 अगस्त को अटल नगर, नया रायपुर स्थित सत्य साईं हॉस्पिटल सभागार में मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद राज्यगीत 'अरपा पैरी के धार' का गायन हुआ।

विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी

प्रांतीय अध्यक्ष मेजर प्रवीण सिंह ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया, जबकि प्रांतीय सचिव योगेश साहू ने संगठन की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव किशोरी लाल साहू ने किया। जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने कोण्डागांव जिले में परिषद द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व सैनिकों द्वारा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान अभियान, जनजागरूकता, पौधारोपण एवं मतदाता जागरूकता अभियान जैसे कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।



बैठक में ये रहे शामिल

बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सक्रिय एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से सैन्य मातृशक्ति प्रकोष्ठ का गठन किया गया। प्रदेश स्तर पर मातृशक्ति की सहभागिता बढ़ाने को लेकर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में परिषद के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवीएम एचपी सिंह वीर चक्र, राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य क्षेत्र प्रभारी सार्जेंट रमेश पाण्डेय, संगठन सचिव सुरेन्द्र मिश्रा सहित प्रदेश एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

मनस्वी ने हासिल की एमबीबीएस की सीट

फरसगांव। नगर के नवीन कॉलोनी निवासी मनस्वी नेताम (झील) ने नीट परीक्षा प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण की। उसका प्रवेश चयन चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ के लिए हुआ है। मनस्वी ने इस वर्ष दिल्ली पब्लिक स्कूल, जुनवानी भिलाई, दुर्ग से कक्षा 12वीं की परीक्षा 90.4 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। मनस्वी नेताम की सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है। उन्हें लगातार बधाई दी जा रही है। मनस्वी के पिता अनिल कुमार नेताम शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई में प्रशिक्षण अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। वहीं उनकी माता कौशल्या नेताम शासकीय प्राथमिक शाला पूर्वी बोरगांव में प्रधानाध्यापिका के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

दुर्घटना में घायल बछड़े का इलाज करने पहुंची पशु चिकित्सा टीम

केशकाल। नगर पंचायत केशकाल क्षेत्र के हर्रापड़ाव स्थित आरईएस कॉलोनी में एक बछड़ा पिछले कुछ समय से टूटे पैर के साथ लंगड़ाते हुए दर्द से कराहते हुए इधर-उधर घूम रहा था। गंभीर हालत में बछड़े को देखकर स्थानीय लोगों में चिंता बनी हुई थी। मामले की जानकारी मिलने के बाद इसकी सूचना पशु चिकित्सा विभाग को दी गई।

सूचना मिलने पर पशु चिकित्सक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंची और बछड़े की स्थिति का निरीक्षण किया। पशु चिकित्सक के अनुसार पैर की स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि उसे बचाने की संभावना बेहद कम है और बछड़े के उपचार के लिए पैर काटने की आवश्यकता पड़ सकती है। पशु चिकित्सक कस्तूरी प्रधान ने बछड़े को तत्काल अस्पताल अथवा गोठान ले जाकर आवश्यक उपचार कराने की बात कही। मौके से ही नगरपंचायत केशकाल में मोबाइल के माध्यम से संपर्क कर बछड़े की गंभीर स्थिति की जानकारी दी गई तथा उसे सुरक्षित रूप से गोठान तक पहुंचाने का निवेदन किया गया।

फॉरेस्ट चौकीदार से मारपीट के आरोप में 8 युवक गिरफ्तार

केशकाल। केशकाल पुलिस ने फॉरेस्ट चौकीदार के साथ मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार घटना टाटामारी पर्यटन स्थल पर शराब का सेवन रोकने को लेकर हुए विवाद के बाद हुई। पुलिस को प्राप्त आवेदन के अनुसार, प्रार्थी सिद्धार्थ यादव निवासी सुरडोंगर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि चारामा क्षेत्र के कुछ लोगों ने एक राय होकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा मारपीट की। घटना में राजेश यादव को चोट पहुंचने की बात भी आवेदन में कही गई है। पुलिस के मुताबिक टाटामारी पर्यटन स्थल पर शराब के नशे में हुड़दंग करने से रोकने को लेकर विवाद बढ़ गया। मामले में पुलिस ने लड़की ठाकुर 19, करण जर्सी 18, युगल कांगे 19, योगेन्द्र कुमार मंडावी 19, शिवम सोनकर 20, विजय कामड़े, मोहित यादव तथा एक विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लिया। सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना केशकाल में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। विधि से संघर्षरत बालक के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की गई। पुलिस की इस कार्रवाई में निरीक्षक रितेश मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक हेमंत देवांगन, सउनि रामकृष्ण जैन, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस ने पर्यटन स्थलों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक गतिविधियों पर कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे और एग्रीस्टैक पंजीयन में तेजी लाने के दिए निर्देश

सभी पात्र किसानों का पंजीयन अनिवार्य पीएम सम्मान निधि का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे और एग्रीस्टैक पंजीयन में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

सीईओ श्री भोई ने बस्तर मुन्ने पोर्टल में शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों की शत–प्रतिशत जानकारी दर्ज करने तथा सीएम हेल्पलाइन के लंबित आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने समय–सीमा में लंबित प्रकरणों के निराकरण में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में राजस्व विभाग द्वारा किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे की तहसीलवार प्रगति की समीक्षा की गई। सीईओ ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को सर्वे कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय–सीमा में इसे पूरा करने के निर्देश दिए।

एग्रीस्टैक पंजीयन की समीक्षा करते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को सभी पात्र किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने कहा गया।

सीईओ ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले को प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति के लिए विद्युत विभाग को योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। पुनर्वासित परिवारों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। ग्राम पंचायतों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को अपने–अपने आबंटित गांवों का नियमित भ्रमण एवं निरीक्षण कर प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया। इससे योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की नियमित निगरानी सुनिश्चित होगी।

सभी विभागों के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं के हितग्राहियों की शत–प्रतिशत केवायसी पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की राशि सुचारू रूप से प्राप्त हो सके। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान कार्ड, सेवासेतु सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

रेड रिबन मैराथन में प्रदीप को प्रथम और दीपेश को मिला दसवां स्थान

कोण्डागांव। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में धरमपुरा खेल परिसर, जगदलपुर में आयोजित मैराथन प्रतियोगिता में गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

- गुण्डाधूर कॉलेज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्र प्रदीप मरकाम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

महाविद्यालय के छात्र दीपेश मरकाम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए दसवां स्थान प्राप्त किया। दोनों खिलाड़ियों ने पूरे जोश, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। विद्यार्थियों की सफलता में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम, रेड रिबन क्लब प्रभारी समलेश पोटाई एवं क्रीड़ा अधिकारी एच.आर. यदु का मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन महत्वपूर्ण रहा। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के लिए तैयार किया गया।

मैराथन जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, धैर्य, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विश्वविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों की यह उपलब्धि महाविद्यालय की खेल गतिविधियों के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। प्रदीप मरकाम के प्रथम एवं दीपेश मरकाम के दसवें स्थान पर आने पर प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दीं।

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक का 9वां स्थापना दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

यहां के उपडाकघर में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक का 9वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डाक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने केक काटकर स्थापना दिवस की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में उपसंभागीय निरीक्षक सुभाष कुमार भुआर्य, शाखा प्रबंधक प्रीतम कुमार गुप्ता एवं उपडाकपाल एस.एल. गोटी सहित डाक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्थापना दिवस पर आमजन तक इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की सरल, सुगम एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने के संकल्प को दोहराया गया। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को प्ष्ठ की बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने तथा डिजिटल बैंकिंग के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में नईम खान, अनिल दिवान, दयाराम ध्रुव, शेख रुहूल ताज, कवित्त ठाकुर, नम्रता बंधैया, संदीप राव, देवेंद्र ठाकुर, हरेंद्र यादव, डिकेश मिर्झा, चिरंजीव पोयाम, गीतेश राव, कुंदन कुमार, पुंकेश्वर सिन्हा, मेघा ठाकुर, मुस्कान पटेल, रामलाल पटेल, भूपेंद्र महिलांगे, आशीष कुमार, सतीश एवं अभय बारेकर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों सहित आम नागरिकों तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच आसान बनाने और डिजिटल वित्तीय सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए आईपीपीबी की भूमिका को और मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

अजा छात्रों के लिए अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू

कोण्डागांव। केन्द्र प्रवर्तित अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विद्यार्थियों की प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र जारी करने की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रमाण पत्र बनने से पात्र विद्यार्थियों को अस्वच्छ व्यवसाय छात्रवृत्ति का लाभ मिल सकेगा। प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति के कंपोनेंट–11 के तहत कक्षा पहली से 10वीं तक अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों को अस्वच्छ व्यवसाय छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसके लिए आवश्यक अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र की तरह अनुविभागीय अधिकारी अथवा तहसीलदार स्तर से ऑनलाइन जारी किया जाएगा। अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी अथवा तहसीलदार कार्यालय के लोक सेवा केन्द्र में आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के साथ 10 रुपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र तथा निर्धारित प्रमाण पत्र प्रारूप संलग्न करना होगा।

फरसगांव नगर में हुई माता पहुंचानी की पूजा

फरसगांव। नगर में मंगलवार को माता पहुंचानी पूजा परंपरागत ढंग से की गई। दोपहर में माता पहुंचानी की शुरुआत शीतला मंदिर से ढोल नगाड़ों के साथ देवी-देवताओं का नगर परिक्रमा से हुआ। यह परिक्रमा शीतला मंदिर से शुरू की गई, जो बस स्टैंड, गांधी चौक होते हुए वापस शीतला मंदिर पहुंची, इसके बाद माता शीतला मंदिर में श्रद्धालुओं की पूजा करने मन्दिर में भीड़ जुटने लगी। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने माता मन्दिर की परिक्रमा की। परिक्रमा में जो लोग माता के प्रकोप से पीड़ित थे, उन सभी श्रद्धालुओं के ऊपर माता को अर्पण हल्दी व नीम पत्ता पानी का घोल का छिड़काव किया गया। माता पहुंचानी में शीतला मन्दिर में देर शाम तक मंदिर में पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। इस पूजा में नगर सहित आसपास गांव के लोग भी मंदिर प्रांगण में जुटते रहे। सभी श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में खुशहाली व सुख समृद्धि के लिए माता शीतला की प्रार्थना की। मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को चीला रोटी और नारियल प्रसाद वितरण किया गया। गायता पुजारी द्वारा माता शीतला की विधिवत पूजा कर नीम की पत्ती, हल्दी, तेल आदि से स्नान कराकर पूजा अर्चना की गई तथा भोग प्रसाद चढ़ाया गया। लोगों ने माता शीतला से अपने परिवार सहित क्षेत्र की समृद्धि के लिए कामना की।

राहुल गांधी पर एफआईआर लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत

जगदलपुर। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर दर्ज किए गए एफआईआर के विरोध में राजीव भवन के समक्ष केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ प्रधानमंत्री का पोस्टर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। मौर्य ने कहा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे की 8 अगस्त की रैली के बाद 11 अगस्त को हल्द्वानी के रामलीला मैदान में कुछ लोगों द्वारा कथित 'शुद्धिकरण' अनुष्ठान किया गया था। राहुल गांधी ने इस घटना को दलितों के अपमान और भेदभाव से जोड़ते हुए दोषियों पर एससी, एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की थी। किंतु कार्यवाही करने के बजाए सरकार के दबाव में उत्तराखंड पुलिस ने राहुल गांधी के खिलाफ ही कथित रूप से धार्मिक भावनाएं भड़काने और एससी, एसटी एक्ट से संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली। यह कार्यवाही सरकार के राजनीतिक प्रतिशोध और दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अलोकतांत्रिक कार्रवाई का पुरजोर विरोध करती रहेगी। विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास जारी रहा, तो आंदोलन को व्यापक किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कविता साहू, कोमल सेना, प्रशांत जैन,अनुराग महतो,नीतीश शर्मा,सुषमा सुता, रविशंकर तिवारी,विशाल खंबारी,राजेंद्र पटवा, आदित्य बिसेन, समीर अली, तरनजीत रंधावा, अफरोज बेगम, ज्योंस्टीन भवानी,एस नीला, संजूता, शंकर सेन, सलीम जाफर, मोहसिन खान, पंकज केवट, जुबेर अली, शुभम बघेल, खीरेंद्र यादव, लोकेश नंदा मौजूद थे।

मारडूम थाना क्षेत्र में गौ हत्या 16 संदिग्ध आरोपी हिरासत में

जगदलपुर। मारडूम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत आंजर के तुलसीपारा में गौ मांस के लिए गौ हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 16 संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस द्वारा सभी से पूछताछ की जा रही है तथा मामले से जुड़े तथ्यों और घटनाक्रम की जांच की जा रही है। गौ सेवक मुन्ना कोरी ने बताया कि पूर्व में भी बड़ाजी व नानगुर क्षेत्र में भी गौ हत्यारे पकड़ाए हैं व गौ मांस बिक्री करते जगदलपुर शहर में भी गौ मांस विक्रेता पकड़े गए हैं।

- बड़ाजीं और नानगुर क्षेत्र में भी गौवंश हत्या के मामलों में आरोपियों की हो चुकी गिरफ्तारी

गौ सेवक मुन्ना कोरी ने बताया कि ईसाई धर्म मानने वालों ने मांस के लिए गौवंश की हत्या की है। मारडूम पुलिस ने गौवंश हत्या के मामले में 16 संदिग्ध को गिरफ्तार किया है और पकड़े गए लोग ईसाई धर्म के अनुयायी है। गौ सेवकों ने कहा कि धर्मांतरण के खिलाफ बस्तर के आदिवासियों में आई जागृति से धर्मांतरण गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगा है। वहीं अब बस्तर में आदिवासियों की आस्था और सनातन धर्म को आघात पहुंचाने के लिए कन्वर्टेड लोगों के सहारे नए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। आदिवासी और सनातनी गौवंश को देव मानते हैं। इसलिए अब कुछ विधर्मी तत्व गौवंश की हत्या करने लगे हैं। ऐसे ही एक मामले में बस्तर जिले के मारडूम थाना पुलिस ने गौवंश की हत्या करने के आरोप में 16 लोगों को गिरफ्तार किया है।

मारडूम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत आंजर के तुलसीपारा में गौमांस के लिए गौवंश की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों द्वारा गौमांस प्राप्त करने के उद्देश्य से गौवंश की हत्या करने की बात सामने आने की जानकारी मिली है। मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 325 एवं 3(5) तथा छत्तीसगढ़ कृषि पशुपालन संरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 4,5 एवं 10 के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। इस संबंध में सनातनी सोमारु कश्यप ने कहा कि मामले में पकड़े गए आरोपी ईसाई पंथ को मानने वाले हैं और इस घटना से सनातन समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि मारडूम पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई कर गंभीरता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है।

पेज 7 के शेष

रावघाट माइंस के हाइवा ...

परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क खराब होने के साथ ही इस मार्ग पर यातायात का दबाव भी लगातार बढ़ रहा है।

मरीजों के बीच पहुंचे ...

और उचित उपचार मिल सके, इसके लिए शिफ्टवार मेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाने कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी मरीज को उपचार के लिए इंतजार न करना पड़े। उन्होंने फिजियोथेरेपी सेवाओं को शाम के समय भी संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि मरीज अपनी सुविधा के अनुसार उपचार प्राप्त कर सकें। अस्पताल की ईको मशीन को दो दिनों के भीतर सुधारने तथा आवश्यकता पड़ने पर उसे बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में कोई भी चिकित्सा मशीन खराब हो तो उसका तत्काल सुधार कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ चिकित्सा स्टाफ का व्यवहार ही जिला अस्पताल की छवि बनाता है।

मरीज अस्पताल से संतुष्ट होकर लौटें, यह सभी की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही रेफर किए गए मरीजों की नियमित मॉनिटरिंग और रेफरल मरीजों का संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वन मंडलाधिकारी कांकेर के. शशिगानंदन, अस्पताल के एमएस डॉ. विमल भगत, डॉ. लोकेश देव, डॉ. करिश्मा सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। साफ-सफाई और व्यवहार पर जोर : निरीक्षण के दौरान डॉक्टरों और चिकित्सा स्टाफ को निर्धारित वेशभूषा में रहने तथा अनिवार्य रूप से नेमप्लेट लगाने के निर्देश दिए गए। अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, विशेषकर शौचालयों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने कहा गया। कलेक्टर ने स्टाफ को अनुशासन के साथ कार्य करने और मरीजों व उनके परिजनों के साथ अच्छा व्यवहार करने की हिदायत दी।

कमरछठ पर्व पर सजा ...

के फल, सब्जियां और पूजन में उपयोग होने वाली सामग्री की खरीदारी के लिए लोग पहुंचते रहे। कई दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ के चलते दुकानदारों को लगातार व्यस्त देखा गया। पर्व की तैयारियों को लेकर बाजार में पारंपरिक खाद्य सामग्री और पूजन सामग्री की मांग बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने के लिए शहर पहुंचे। सुबह से शुरू हुआ खरीदारी का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। शाम होते-होते बाजार में भीड़ और बढ़ गई। छोटे दुकानदारों ने भी सड़क किनारे और बाजार के आसपास अस्थायी दुकानें लगाई हैं।

घर के सामने खड़ी बाइक ...

मोटरसाइकिल को डायरेक्ट कनेक्शन कर चोरी किया था। चोरी के बाद पुलिस से बचने के लिए मोटरसाइकिल को अपने गांव के पास जंगल क्षेत्र में छिपाकर रख दिया था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम ने 1 सितंबर को इरबोडी जंगल में दबिश देकर चोरी की गई हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद कर ली। बरामद मोटरसाइकिल की अनुमानित कीमत करीब 45 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई करते हुए उसे 1 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया।

बैंड-बाजे और नारों के...

को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। प्रभारी प्राचार्य हेमलाल साहू ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। आयोजित रैली में हेमलाल साहू, कांता कुरेटी, सुनीता मिश्रा, पवन सेन, अर्चना मंडावी, शकुंतला, ताराम, सुनीता सिंह, रेखा दुबे, अलका सेठी, नलिनी मिश्रा, हेमलता सिदार, रोशनी नरेटी, हेमंत गंजीर, तेजपाल मरकाम, आबिद खान, मोहनलाल जैन, पूर्णिमा गजभल्ला, शशिकला सलाम, कुसुमलता सोम, खुशबू पटेल, जसवंत साहू, खुबचंद साहू एवं हिमांशु दिल्लीवार सहित एनएसएस स्वयंसेवकों और विद्यालय सदस्यों की सहभागिता रही।

लालकालीन सिंह महाविद्यालय में ...

भी सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

देर रात राहगीर पर ...

लोगों में भी अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। घटना की जानकारी मिलते ही बाड़ाटोला के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाई और घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को कांकेर अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से भालू प्रभावित क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने, वन्यजीवों की गतिविधियों पर निगरानी रखने तथा ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

खबर संक्षेप

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में स्वच्छता का संदेश

दरभा। संस्कार द स्मार्ट स्कूल के रोटरी क्लब द्वारा आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे बालक सक्षम गुप्ता पिता नीरज गुप्ता ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता का सुंदर और प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किया। नन्हे सक्षम ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति के माध्यम से बताया कि स्वच्छता केवल हमारी जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि हमारे संस्कार और दैनिक जीवन की आदत भी होनी चाहिए। बचपन से ही बच्चों में स्वच्छता के संस्कार विकसित किए जाएं, तो आने वाली पीढ़ी स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। सक्षम की मासूम और प्रभावशाली प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में मना संस्कृत सप्ताह

गीदम। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण में संस्कृत सप्ताह का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्वक किया गया। सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रत्येक दिन विशेष प्रस्तुति संस्कृत भाषा में दी गई तथा संपूर्ण सप्ताह विद्यालय में संस्कृत संभाषण पर विशेष जोर दिया गया। 31 अगस्त को संस्कृत सप्ताह का समापन समारोह प्राचार्य कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में हर्षोल्लास से मनाया गया। शुभारंभ माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। यहां सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों द्वारा गीत गायन प्रतियोगिता, संस्कृत भाषण, श्लोक-पाठ एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं।

150 किलोमीटर दूर से दर्द लेकर मुख्यालय पहुंचे मेट्टागुड़ा के ग्रामीण

बारिश में नाले पार किए, बदहाल रास्तों पर ट्रैक्टर से तय किया सफर

लीलाधर राठी ▶▶ सुकमा

नक्सलवाद के खिलाफ लंबी लड़ाई के बाद जब सुकमा के अंदरूनी गांवों में शांति लौट रही है, तब अब वहां के ग्रामीणों की आंखों में विकास की उम्मीद दिखाई दे रही है। इसी उम्मीद के साथ कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत पालाचलमा के आश्रित

- एक-एक रुपया जोड़कर जुटाया डीजल खेती-किसानी छोड़कर पहुंचे सुकमा

ग्राम मेट्टागुड़ा के 32 ग्रामीण अपनी वर्षों पुरानी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय सुकमा पहुंचे।

ग्रामीणों ने प्रशासन पर भरोसा जताया और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ से मुलाकात की। ग्रामीणों का जिला मुख्यालय तक पहुंचना भी अपने आप में एक दर्दनाक कहानी है। गट्टापाड़, बुरकलांगा, एंटापाड़ और डब्बाकोंटा होते हुए बारिश के बीच नालों और बदहाल रास्तों को पार कर ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से करीब 150 किलोमीटर का सफर तय किया। इस सफर का खर्च उठाने के लिए ग्रामीणों ने आपस में एक-एक रुपया जोड़कर डीजल का इंतजाम किया। खेती-किसानी के महत्वपूर्ण समय में अपना काम छोड़कर वे इसलिए निकले, क्योंकि गांव की समस्याएं सुनने वाला कोई रास्ता उन्हें गांव में नजर नहीं आया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम और जनपद पंचायत उपाध्यक्ष माड़वी हिड़मा के साथ पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने सड़क, बिजली, आंगनबाड़ी भवन, स्कूल, राशन कार्ड, आधार कार्ड और स्वास्थ्य सुविधा जैसी मूलभूत जरूरतों को रखा।

प्रशासन पर जताया भरोसा

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने उनकी बात गंभीरता से सुनी। यह उनके लिए राहत और उम्मीद की बात है लेकिन अब असली परीक्षा प्रशासन की है। ग्रामीण अपनी समस्या लेकर 150 किलोमीटर चलकर जिला मुख्यालय तक आए हैं, उन्होंने शासन-प्रशासन पर विश्वास जताया है। अब इस विश्वास का जवाब जमीन पर काम के रूप में मिलना चाहिए।

चार बच्चों की मां की कहानी

मेट्टागुड़ा की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गांव में एक महिला अपने चार छोटे बच्चों के साथ जीवन की कठिन लड़ाई लड़ रही है। करीब आठ महीने पहले अचानक पति की मौत के बाद चारों बच्चों की जिम्मेदारी उसके कंधों पर आ गई। वह ससुराल में मेहनत-मजदूरी कर किसी तरह बच्चों का पेट पाल रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, अब तक उसे शासन की ओर से पेंशन अथवा नियमित आर्थिक सहायता का लाभ नहीं मिल पाया है। यह सिर्फ एक महिला की मजबूरी नहीं, बल्कि उस व्यवस्था के सामने खड़ा सवाल है, जो कागजों में योजनाओं का लाभ पहुंचाने का दावा करती है, लेकिन कई बार जरूरतमंद परिवार तक उसका लाभ पहुंचने में महीनों और वर्षों का समय लग जाता है।

व्यवस्था को चुनौती है

ग्रामीण अपनी आवाज जिला मुख्यालय तक पहुंचा चुके हैं। अब जरूरत है कि जिला मुख्यालय से समाधान गांव तक पहुंचे। क्योंकि किसी ग्रामीण को अपनी समस्या बताने के लिए 150 किलोमीटर चलना उसकी उपलब्धि नहीं, व्यवस्था की चुनौती है और आज जब मेट्टागुड़ा के ग्रामीणों ने प्रशासन पर भरोसा जताया है, तो इस भरोसे को परिणाम में बदलना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है।

नक्सलमुक्त सुकमा की असली पहचान अब विकास से बनेगी

मेट्टागुड़ा के ग्रामीणों की यह यात्रा केवल 150 किलोमीटर की दूरी तय करने की कहानी नहीं है। यह उस भरोसे की यात्रा है, जिसमें ग्रामीणों ने बंदूक और भय के दौर के बाद लोकतांत्रिक व्यवस्था और प्रशासन के दरवाजे पर दस्तक दी है। अब जिला प्रशासन के सामने जिम्मेदारी है कि इस भरोसे को मजबूत करे, नक्सलवाद खत्म होने के बाद यदि इन गांवों तक सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, रोजगार और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचता है, तभी नक्सलमुक्त सुकमा की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी।

सरकार के प्रयासों से बदलेगी सुकमा की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की विकासपरक सोच का असर अब सुकमा जिला मुख्यालय में दिखाई देने लगा है। प्रदेश सरकार और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के प्रयासों से सुकमा शहर में नागरिक सुविधाओं, खेल, पर्यटन, प्रकाश व्यवस्था और व्यापारिक अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों को गति मिली है। इन कार्यों के पूरा होने के बाद सुकमा शहर का स्वरूप और अधिक आधुनिक एवं आकर्षक नजर आएगा।

91 लाख से सुधरेगी शहर की रोशनी

शहर को सुरक्षित और रोशन बनाने के लिए स्ट्रीट लाइट व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया गया है। पुरानी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और नई आधुनिक लाइटें लगाने के लिए कुल 91 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसमें क्रेडा विभाग को 25 लाख, ई एंड एम विभाग को 60 लाख और नगर पालिका परिषद को 9 लाख रुपये शामिल हैं। काम पूरा होने के बाद मुख्य मार्गों के साथ शहर की अंदरूनी बस्तियां भी बेहतर प्रकाश व्यवस्था से जगमगाएंगी।

विकास कार्यों से शहर का बदलेगा स्वरूप

पार्षद कांता राठी ने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में सुकमा शहर विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सड़क, प्रकाश, खेल और नागरिक सुविधाओं के लिए स्वीकृत कार्य स्वागत योग्य हैं। इन विकास कार्यों से शहर का स्वरूप बदलेगा और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

सरकार ने विकास को दी प्राथमिकता

पार्षद विवेक यादव ने कहा कि "छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने सुकमा के विकास को प्राथमिकता दी है। स्ट्रीट लाइट, टर्फ ग्राउंड, जिम, तालाब सौंदर्यीकरण और अन्य कार्यों को मंजूरी मिलना सरकार की विकासपरक सोच को दर्शाता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुकमा आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर नई पहचान बनाने की ओर बढ़ रहा है।

युवाओं को अवसर और नागरिकों को मिलेगी सुविधाएं

अरुण सिंह भदौरिया सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार बस्तर के विकास को धरातल पर उतार रही है। सुकमा में करोड़ों रुपये के विकास कार्य इसकी स्पष्ट मिसाल हैं। शहर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था, खेल सुविधाएं, पर्यटन और व्यापारिक सुविधाएं विकसित होने से युवाओं को अवसर और नागरिकों को सुविधाएं मिलेंगी।

टर्फ ग्राउंड और आधुनिक जिम की सौगात

भाजपा सरकार ने शहर के युवाओं और खिलाड़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण पहल की है। 40 लाख रुपये की लागत से बॉक्स क्रिकेट (टर्फ) ग्राउंड विकसित किया जा रहा है। वहीं स्थानीय जिम को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित करने के लिए 30 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा शहर के स्पोर्ट्स ग्राउंड का कार्य भी जारी है। इससे स्थानीय युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

5 करोड़ से बदलेगा नकटी तालाब का स्वरूप

सुकमा के ऐतिहासिक नकटी तालाब के कायाकल्प की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया गया है। करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाएगा और इसके लिए कार्यादेश जारी हो चुका है। विकास के बाद यह स्थान शहरवासियों के लिए मनोरंजन, भ्रमण और प्राकृतिक वातावरण में समय बिताने का नया केंद्र बन सकता है।

शॉपिंग कॉम्प्लेक्स से व्यापार और रोजगार को बढ़ावा

कलेक्टर के सामने 1.20 करोड़ रुपये की लागत से शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है। इससे स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ युवाओं और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी विकसित होने की उम्मीद है। वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए तपस्या लाइब्रेरी का निर्माण भी तेजी से कराया जा रहा है।

सरकार की विकास नीति का दिख रहा असर

सरकार का फोकस केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि बस्तर के जिला मुख्यालयों में भी बुनियादी सुविधाओं और अधोसंरचना को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। सुकमा में स्वीकृत और जारी विकास कार्य इसी महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और मंत्री केदार कश्यप के प्रयासों से सड़क, प्रकाश, खेल, पर्यटन, व्यापार और शिक्षा से जुड़ी सुविधाओं को एक साथ विकसित करने की पहल ने शहर के विकास को नई गति दी है।

एमएमडीसी कॉम्प्लेक्स में वॉटर स्प्रिंकलर जल छिड़काव वाहन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बचेली

एनएमडीसी बचेली कॉम्प्लेक्स में अग्निशमन क्षमता से लैस कोमात्सु मेक के 50 किलोलीटर क्षमता वाले दो वॉटर स्प्रिंकलर जल छिड़काव वाहन का उद्घाटन किया गया, जिससे खनन कार्यों में धूल नियंत्रण और अग्निशमन की तैयारियों को और मजबूती मिली है। प्रोजेक्ट क्रम संख्या डब्ल्यूटी-8 वाला वॉटर स्प्रिंकलर डिपॉजिट-10/11ए में कमीशन किया गया है, जबकि प्रोजेक्ट क्रम संख्या डब्ल्यूटी-9 डिपॉजिट-5 में कमीशन किया गया है। नए कमीशन किए गए उपकरणों की चाबियां मैसर्स एल एंड टी के प्रतिनिधि द्वारा परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली मुख्य महाप्रबंधक और टी. शिव कुमार, मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन की उपस्थिति में सौंपी गईं। नवनियुक्त 50 किलोलीटर स्प्रिंकलर दोनों खनन क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से धूल दबाने के लिए, छिड़काव करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिससे एक स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण के निर्माण में योगदान मिलेगा। वहीं एकीकृत अग्निशमन क्षमता वाले ये वॉटर स्प्रिंकलर दोनों व्यवस्था आग से जुड़ी आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए खदानों की तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमता को और अधिक बढ़ाएगी।

इस उन्नत उपयोगिता वाहनों यूटिलिटी व्हीकल्स के शुरू होने से बचेली कॉम्प्लेक्स में परिचालन दक्षता, पर्यावरण प्रबंधन और सुरक्षा मानकों को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम जुड़ा है।

71 छात्राओं को वितरित की गई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दरभा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप एवं कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुगमता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिंगपाल में 1 सितंबर को सायकल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दरभा जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश एवं विशिष्ट अतिथि दरभा मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद बेंजाम थे। इस अवसर पर ग्राम सरपंच जयराम एवं विद्यालय के प्राचार्य मानसिंह भारद्वाज के साथ सहायक प्राचार्य मंगलराम कश्यप मिडिया प्रभारी सुरेश सिंह एवं संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की 71 पात्र छात्राओं को निःशुल्क सायकलों का वितरण किया गया। सायकल प्राप्त करते ही छात्राओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलक रहा था। छात्राओं ने कहा कि अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, समय की बचत होगी तथा नियमित रूप से अध्ययन करने में और अधिक प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने इस जनकल्याणकारी योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि पीडी हरीश ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन की यह योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने छात्राओं से सायकलों का सुरक्षित उपयोग करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने और शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने का आह्वान किया।

विवि और नंदी फाउंडेशन के बीच एमओयू

जगदलपुर। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय एवं नंदी फाउंडेशन हैदराबाद के मध्य विद्यार्थियों को रोजगार के लिए आवश्यक कौशल, सॉफ्ट स्किल एवं व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से सोमवार को महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं नंदी फाउंडेशन के अक्षय कुमार, पुष्पेंद्र साहू, डॉ. समीर ठाकुर एवं डॉ. कुश नायक उपस्थित थे। एमओयू के माध्यम से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से इम्प्लॉयबिलिटी स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम संचालित किया जाएगा। विवि ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के संयोजक प्रो. स्वपन कुमार कोले ने बताया कि नंदी फाउंडेशन द्वारा इस सितंबर माह में विद्यार्थियों के लिए 6 दिवसीय सॉफ्ट स्किल एवं रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, प्रभावी संवाद, आत्मविश्वास, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता तथा कार्यस्थल पर आवश्यक व्यवहारिक कौशल को विकसित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस पहल से विशेष रूप से अंतिम वर्ष एवं रोजगार की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

ग्रामीणों को मिली डिजिटल कनेक्टिविटी की सौगात

बीजापुर। जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र स्थित पाताकुटरू गांव में नए मोबाइल टॉवर का निर्माण एवं संचालन शुरू होने से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। ग्राम पंचायत मंगापेठा के अंतर्गत आने वाले पिताकुटरू में लंबे समय से मोबाइल नेटवर्क की समस्या बनी हुई थी। अब टॉवर के शुरू होने से ग्रामीणों को मोबाइल नेटवर्क एवं इंटरनेट की बेहतर सुविधा मिलने लगी है। घने जंगलों और दूरस्थ भौगोलिक क्षेत्र में स्थित होने के कारण पाताकुटरू के ग्रामीणों के लिए संचार सुविधा हमेशा एक बड़ी चुनौती रही है। मोबाइल नेटवर्क की कमी के चलते जरूरी फोन कॉल करने के लिए भी लोगों को कई बार ऊंचे स्थानों या नेटवर्क उपलब्ध होने वाले दूसरे क्षेत्रों तक जाना पड़ता था। इंटरनेट सुविधा नहीं होने से ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग भी ग्रामीणों के लिए मुश्किल था। नए मोबाइल टॉवर के संचालन से अब ग्रामीणों को मोबाइल कॉल और इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध होगी। इसका सबसे अधिक लाभ गांव के विद्यार्थियों और युवाओं को मिलेगा। विद्यार्थी ऑनलाइन पढ़ाई और शैक्षणिक सामग्री का उपयोग कर सकेंगे, वहीं युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, ऑनलाइन आवेदन एवं रोजगार से जुड़ी जानकारियां आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

तंबाकू उत्पाद बेचने वाली दुकानों पर चालानी कार्रवाई

दंतेवाड़ा। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू उत्पादों की बिक्री एवं विज्ञापन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद विज्ञापन का प्रतिषेध तथा व्यापार और वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति एवं वितरण विनियमन अधिनियम, 2003 के प्रावधानों के क्रियान्वयन हेतु गठित टीम द्वारा विकासखंड दंतेवाड़ा में विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित सिगरेट एवं तंबाकू उत्पादों के विक्रय तथा संबंधित नियमों के उल्लंघन के मामलों में 11 दुकानों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 1400 रुपये का चालान किया गया। टीम द्वारा दुकान संचालकों को तंबाकू उत्पादों का विज्ञापन नहीं करने तथा अधिनियम के प्रावधानों का पालन करने के संबंध में आवश्यक समझाइश भी दी गई।

युवाओं ने दिखाई ऊर्जा, प्रतिभा व नेतृत्व क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा/गीदम

छत्तीसगढ़ के युवाओं में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित युवा उड़ान कार्यक्रम का आयोजन जावंगा ऑडिटोरियम गीदम में हुआ। छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय तोमर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिलेभर से हजारों की संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को देश, प्रदेश और समाज के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा युवाओं के लिए किए जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियों, एक देश एक चुनाव तथा विकसित छत्तीसगढ़-विकसित भारत में युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर विशेषज्ञ वक्ताओं ने युवाओं से संवाद किया। युवाओं ने संवाद के दौरान अपने विचार साझा किए तथा विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय तोमर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं को अपनी ऊर्जा और सामर्थ्य को सकारात्मक दिशा में लगाते हुए लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपनी सोच, ताकत, प्रतिभा और ज्ञान का सदैव राष्ट्रहित में उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने युवाओं को अपने परिवार, समाज, देश और भारतीय संस्कृति पर गर्व करने तथा अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का समय ज्ञान, तकनीक और नवाचार का समय है।

युवाओं को केवल रोजगार की तलाश करने के बजाय अपने कौशल और ज्ञान को विकसित करते हुए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में भी आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा अपनी रुचि और क्षमता को पहचानकर लक्ष्य निर्धारित करें तथा निरंतर सीखने की आदत विकसित करें। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया और आधुनिक तकनीक का सकारात्मक उपयोग करते हुए शिक्षा, कौशल विकास और समाजहित के कार्यों में अपनी भागीदारी बढ़ाने की अपील की।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

कलेक्टर से मिला सर्व आदिवासी समाज का प्रतिनिधिमंडल, शिक्षा और खनिज प्रभावित गांवों के मुद्दों पर की चर्चा

गायता-पुजारियों के सम्मान और गोंडी विद्यालयों की व्यवस्थाओं पर भी हुआ विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं को संरक्षित रखने के साथ शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में समाज और प्रशासन के बीच संवाद को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसी क्रम में सर्व आदिवासी समाज कांकेर के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कुंदन कुमार से सौजन्य भेंट कर जिले के खनिज प्रभावित ग्रामों सहित सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक विषयों पर सार्थक चर्चा की।

मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासी समाज की पारंपरिक व्यवस्थाओं और धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में गायता-पुजारियों की महत्वपूर्ण भूमिका से कलेक्टर को अवगत कराया।

प्रतिनिधियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक एवं धार्मिक परंपराओं के निर्वहन में गायता-पुजारियों की अहम जिम्मेदारी होती है। समाज की इस परंपरागत व्यवस्था में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें उचित मान-सम्मान एवं पहचान मिलना आवश्यक है। कलेक्टर कुंदन कुमार ने भी स्थानीय परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के महत्व पर प्रतिनिधिमंडल से चर्चा की। उन्होंने समाज की पारंपरिक व्यवस्थाओं को समझने और उनके संरक्षण से जुड़े विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार-विमर्श किया।

मुलाकात में यह रहे शामिल

आयोजित मुलाकात में सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष कन्हैया उसेंडी, उपाध्यक्ष रविशंकर नेताम, धनीराम ध्रुव, हल्बा समाज के जिला अध्यक्ष प्रकाश दीवान, रामकुमार देहारी, नेमूराम कश्यप, रत्तूराम नेताम, चंद्रहास नेताम, शकुंतला दीवान, सनमती आंचला, संत सलाम, श्यामू मरकाम एवं संतलाल दुग्गा सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

गोंडी विद्यालयों की व्यवस्थाओं पर भी चर्चा

सर्व आदिवासी समाज द्वारा संचालित दो गोंडी विद्यालयों को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। इनमें वल्लेकनार (सेमरगांव) और सोड़े स्थित विद्यालय शामिल हैं। दोनों विद्यालयों में करीब 90 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालयों की वर्तमान व्यवस्थाओं तथा आवश्यक सहयोग से संबंधित विषयों की जानकारी कलेक्टर को दी। कलेक्टर ने दोनों विद्यालयों का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन करने तथा नियमानुसार आवश्यक सहयोग की संभावनाओं पर विचार करने की बात कही।

खबर संक्षेप

लोक धरा गौरव सम्मान से सम्मानित हुए परमानंद

कोरर। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक कला एवं संस्कृति के संरक्षण तथा लोक कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रायपुर की पुरानी बस्ती स्थित सत्संग भवन में लोक धरा गौरव सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया गया। समारोह में कांकेर जिले के ग्राम केवटीनटोला निवासी परमानंद कावड़े को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं लोक कला के क्षेत्र में उनके सक्रिय योगदान के लिए गुरु लोक प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। परमानंद कावड़े लंबे समय से लोक कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। वे ग्राम केवटीनटोला के उपसरपंच के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसके साथ ही बस्तर क्षेत्र के लोक कलाकारों को एक मंच से जोड़ने तथा लोक कला और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। लोक कला एवं सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें मिले इस सम्मान से कांकेर जिले के साथ-साथ क्षेत्रवासियों में भी हर्ष का माहौल है।

बस्तर में शिक्षा व्यवस्था को नई गति देने की तैयारी

जगदलपुर। बस्तर संभाग में वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों की शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित करने जा रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव की अध्यक्षता में यह संभाग स्तरीय संयुक्त बैठक 2 सितंबर को सुबह 11 बजे बस्तर संभाग मुख्यालय स्थित कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में संभाग के सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा) तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और पोटा केबिन के अधीक्षकों की प्रत्यक्ष उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।इस समीक्षा बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु नक्सल उन्मूलन के बाद सुरक्षा और सामान्य हो रहे हालातों के बीच बंद पड़े या नवीन स्कूलों को पुनः खोले जाने की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श करना है। इसके साथ ही आवासीय व्यवस्थाओं की बेहतरी के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था, जिसमें सीसीटीवी कैमरे, शिकायत पेटी, महिला चैकीदार एवं महिला होमगार्ड की तैनाती जैसे प्रयासों की गहन समीक्षा की जाएगी। बैठक में इन विद्यालयों में ड्रॉप-आउट दर को कम करने, छात्राओं के स्वास्थ्य, खेल गतिविधियों और भवन निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा होगी। वहीं नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालयों एवं पोटा केबिन में विद्यार्थियों हेतु भोजन व आवास की व्यवस्था, रिक्त पदों की स्थिति और शिक्षण गुणवत्ता में सुधार से जुड़े उपायों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

घर-घर पहुंचकर लोगों से भरवाए जाएंगे आवेदन, शासन-प्रशासन को सौंपेगी कांग्रेस

बढ़े बिजली दाम और स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस का अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

बढ़ते बिजली बिल और स्मार्ट मीटर को लेकर कांग्रेस ने अब गांव-गांव अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मंडल सरोना में बैठक आयोजित कर कार्यकर्ताओं को बिजली के बढ़े दाम वापस लेने और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग संबंधी आवेदन पत्र वितरित किए गए। कांग्रेस ने तय किया है कि बूथ एजेंट और सेक्टर प्रभारी घर-घर पहुंचकर लोगों से आवेदन भरवाएंगे और इन्हें शासन-प्रशासन को सौंपा जाएगा।

ग्राम सरोना में आयोजित बैठक मंडल प्रभारी एवं जिला सचिव मुकेश राय तथा मंडल अध्यक्ष मुकेश रजक के मार्गदर्शन में हुई। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी और बूथ एजेंट सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान मंडल प्रभारी मुकेश राय ने कार्यकर्ताओं को आवेदन पत्र वितरित करते हुए अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक को संबोधित करते हुए मुकेश राय ने कहा कि बढ़ती महंगाई से मध्यम वर्ग, मजदूर और किसान पहले से परेशान हैं। ऐसे में बिजली बिल में बढ़ोतरी से आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में असफल रही है। साथ ही उन्होंने स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि लोगों की अनुमति के बिना निजी कंपनी द्वारा घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।

घर-घर पहुंचेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

कांग्रेस पदाधिकारियों ने तय किया कि बूथ एजेंट, सेक्टर प्रभारी और अन्य कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों से बिजली के बढ़े दाम वापस लेने तथा स्मार्ट मीटर हटाने की मांग को लेकर आवेदन भरवाएंगे। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई और सभी पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए।

कार्रवाई टीम में यह रहे शामिल

आयोजित बैठक में कमल ध्रुवा, सुखलाल शोरी, दिनेश सहारे, पृथ्वी रामटेके, फैजल मेमन, जगदेव मंडावी, हरक नेताम, जेवा मरकाम, पुष्कर साहू, ललिता शोरी, रमेश हिरवानी, देवानंद मरकाम, मनोज निषाद, त्रिवेणी हिरवानी, सीमा वट्टी, प्रेम मंडावी और मानिक वट्टी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का शिकंजा, तीन शराब कोचिया गिरफ्तार

कांकेर। जिले में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में कोरर पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि हल्बा चौकी पुलिस ने भी अवैध शराब बिक्री के मामले में एक महिला को पकड़ा है।

तीनों मामलों में पुलिस ने शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। कोरर पुलिस ने 31 अगस्त को ग्राम चिल्हाटी में कार्रवाई करते हुए 35 वर्षीय नरेश पटेल पिता अशोक पटेल को अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचते गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नरेश अपने घर के सामने शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने ग वा हों की मौजूदगी में मौके पर रेड कार्रवाई की। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से सफेद रंग के थैले में 11 नग गोल्डन गोवा शराब (प्रत्येक 180 एमएल), 4 नग बैक पाइपर शराब (प्रत्येक 180 एमएल) तथा 1 नग मैकडॉवेल्स नंबर-1 अंग्रेजी शराब (180 एमएल) बरामद हुई। कुल 2 लीटर 880 एमएल अंग्रेजी शराब की कीमत करीब 2,270 रुपये बताई गई। इसके अलावा शराब बिक्री से प्राप्त 200 रुपये नकद भी बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

किशनपुरी में 8 लीटर महुआ शराब बरामद

दूसरी कार्रवाई ग्राम किशनपुरी में की गई, यहां 36 वर्षीय द्वारिका कोमरा पिता सदाराम कोमरा के कच्चे मकान से करीब 8 लीटर हाथभट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तलाशी ली गई, जहां सफेद रंग की प्लास्टिक जरकीन में करीब 5 लीटर और हल्के पीले रंग की जरकीन में करीब 3 लीटर महुआ शराब मिली। जब्त शराब की कीमत करीब 800 रुपये है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

शाहवाड़ा में महिला के खिलाफ कार्रवाई

हल्बा चौकी पुलिस ने ग्राम शाहवाड़ा में 28 वर्षीय लीना रामटेके के कब्जे से 5.520 लीटर शराब जब्त की। पुलिस के अनुसार महिला अपने घर में शराब रखकर बिक्री कर रही थी। तलाशी के दौरान थैले से 9 नग सुपर 36 देशी मदिरा प्लेन और 6 नग शिम्बा बीयर बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 1,980 रुपये बताई गई। पुलिस ने शराब जब्त कर सीलबंद की और महिला के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

सिंधी समाज का लोकपर्व 'थदड़ी' कल, घरों में तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





सिंधी समाज का प्रमुख लोकपर्व थदड़ी इस वर्ष 3 सितंबर को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। रक्षाबंधन के आठवें दिन मनाया जाने वाला यह पर्व सिंधी समाज की लोक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। सिंधी भाषा में थदड़ी का अर्थ ठंडी या शीतल होता है। श्री पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया कि थदड़ी पर्व के एक दिन पूर्व 2 सितंबर को सिंधी परिवारों में विभिन्न पारंपरिक व्यंजन बनाए जाएंगे। रात को सोने से पहले चूल्हे पर जल छिड़ककर पूजा की जाएगी और चूल्हे को ठंडा कर दिया जाएगा।

सुहिणी सोच महिला विंग अध्यक्षा लक्ष्मी नवतानी ने बताया कि 3 सितंबर को थदड़ी पर्व के दिन घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाएगा। परिवार के सभी सदस्य एक दिन पहले तैयार किए गए ठंडे भोजन का ही सेवन करेंगे। घरों में ही जल स्त्रोत के पास माता शीतला की विधिवत पूजा-अर्चना कर बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की जाएगी। सुहिणी सोच की सचिव भारती लालवानी ने कहा कि थदड़ी पर्व केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि समाज की एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने का अवसर भी है।

कुरूषपाल बाजार में लोगों को साइबर फ्रॉड की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोड़ेनार पुलिस द्वारा ग्राम कामदेव कुरुषपाल बाजार स्थल में साइबर जागृति अभियान के दौरान मौजूद लोगों को साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान आस पास के गांव के दर्जनों ग्रामीण व व्यवसायी मौजूद रहे जिन्हें ऑनलाइन ठगी से बचाने और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक किया गया। कोड़ेनार थाना प्रभारी विजय पटेल ने बताया कि एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी सुखनंदन सिंह राठौर के निर्देश व एसडीओपी केशलूर के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र में लगातार ग्रामीणों व व्यवसायियों को साइबर जागृति अभियान के तहत जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में एएसआई पन्नालाल कुंजाम एवं थाना स्टाफ द्वारा ग्राम कामदेव कुरुषपाल बाजार स्थल में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निरीक्षक विजय पटेल ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य ऑनलाइन ठगी से बचाने और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करना है। जागरूकता अभियान के दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों व व्यवसायियां को ओटीपी व बैंकिंग सुरक्षा की जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, यूपीआई पिन, कार्ड नंबर या बैंक डिटेल्स साझा न करें। दुकानदारों को फर्जी क्यूआर कोड से बचाव के उपाय बताते हुए कहा गया कि दुकान पर भुगतान प्राप्त करते समय केवल अपना क्यूआर कोड स्कैन करवाएं पैसे प्राप्त करने के लिए कभी भी अपना पिन दर्ज न करें। लेनदेन के दौरान संदिग्ध लिंक्स व कॉल्स की अनदेखी करें तथा लॉटरी, पार्सल या बैंक अपडेट के नाम पर आने वाले फर्जी कॉल्स और मैसेज से सतर्क रहें।

छात्रावास के पास शराब दुकान हटाने की मांग, कल निकलेगी रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

छात्रावास के समीप संचालित अंग्रेजी शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन ब्लॉक दुर्गूकोंदल एवं क्षेत्रवासियों द्वारा 3 सितंबर को शांतिपूर्ण रैली और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने तहसीलदार दुर्गूकोंदल को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित आंदोलन की जानकारी दी है। भीम आर्मी के पदाधिकारियों का कहना है कि छात्रावास के नजदीक शराब दुकान संचालित होने से विद्यार्थियों के अध्ययन के वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही क्षेत्र के युवाओं पर भी इसके नकारात्मक प्रभाव की आशंका है। इसी को लेकर संगठन ने शराब दुकान को छात्रावास से दूर अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग उठाई है। संगठन के अनुसार 3 सितंबर को सुबह 11 बजे शांतिपूर्ण रैली दुर्गूकोंदल मुख्य चौक से शुरू होगी।

रैली कोदापाखा चौक होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचेगी। इसके बाद तहसील कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के माध्यम से प्रशासन के समक्ष छात्रावास के समीप संचालित अंग्रेजी शराब दुकान को तत्काल अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग रखी जाएगी। भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रस्तावित आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण, अहिंसक एवं लोकतांत्रिक तरीके से किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला उपाध्यक्ष पूनमचंद तारम, ब्लॉक अध्यक्ष ललित दुग्गा, रानू राम, कृष्णा कोरार्म एवं संतु राम सहित अन्य पदाधिकारी और क्षेत्रवासी मौजूद थे।

राजीव गांधी चौक से फ्लेक्स गायब महिला मोर्चा ने दोबारा लगाया पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

अंतागढ़ के नयापारा स्थित राजीव गांधी चौक पर भाजपा महिला मोर्चा मंडल अंतागढ़ की ओर से रक्षाबंधन, तीजा एवं पोला पर्व की शुभकामनाओं को लेकर लगाया गया फ्लेक्स गायब होने के बाद महिला मोर्चा ने उसी स्थान पर नया बधाई पोस्टर लगा दिया है। हालांकि पहला पोस्टर किसने हटाया और इसके पीछे क्या कारण रहा, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार महिला मोर्चा द्वारा 27 अगस्त की शाम करीब 5 बजे राजीव गांधी चौक पर पर्व की शुभकामनाओं से संबंधित फ्लेक्स लगाया गया था। बताया जा रहा है कि रात करीब 11 बजे फ्लेक्स मौके से गायब मिला। इसके बाद संगठन के कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी गई और मामले को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराने की तैयारी की गई थी। मामले के सामने आने के बाद पोस्टर हटाए जाने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कुछ चर्चाओं में पार्टी से जुड़े लोगों की संभावित भूमिका की बात भी कही जा रही है। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही किसी व्यक्ति के खिलाफ कोई प्रमाण सार्वजनिक हुआ है। ऐसे में फिलहाल इसे केवल चर्चा के रूप में ही देखा जा रहा है। संगठन की ओर से भी इस संबंध में अब तक कोई स्पष्ट आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। शिकायत दर्ज कराने को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। पोस्टर लगाए जाने और उसके गायब होने के बीच की अवधि में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। यदि फुटेज उपलब्ध है और उसकी जांच की जाती है तो पोस्टर हटाने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों की पहचान होने के साथ ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। वहीं, घटना को लेकर स्थानीय स्तर पर यह सवाल भी उठ रहा है कि आखिर कुछ ही घंटों के भीतर पोस्टर कैसे गायब हो गया। यदि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पोस्टर हटाया गया है तो मामले की निष्पक्ष जांच से ही इसकी सच्चाई सामने आ सकती है। पोस्टर गायब होने के बाद भाजपा महिला मोर्चा ने उसी स्थान पर नया बधाई फ्लेक्स लगा दिया है। इससे पर्व की शुभकामनाओं का संदेश फिर से प्रदर्शित हो गया है, लेकिन पहला पोस्टर गायब होने की घटना अभी भी चर्चा का विषय बनी हुई है। फिलहाल मामले में किसी व्यक्ति की भूमिका की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में जांच या ठोस प्रमाण सामने आने तक किसी व्यक्ति अथवा संगठन से जुड़े लोगों को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। अब देखना होगा कि मामले को लेकर संगठन या पुलिस की ओर से आगे क्या कदम उठाया जाता है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411